# दिनाँक 17.10.2022 को में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बाँदा की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खटान/अमलीकौर पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनाँक 17-10-2022 को सायं 07:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कैम्प कार्यालय में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाँदा की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खटान/अमलीकौर पेयजल योजना के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा बैठक अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा करायी गयी, जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित रहे :-

1. श्री वेद प्रकाश मौर्या, मुख्य विकास अधिकारी, बाँदा।
2. श्री एम0पी0 सिंह, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बाँदा।
3. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बाँदा।
4. श्री कैलाश मण्डल (पर्यावरण विशेषज्ञ) पीएमसी, बाँदा।
5. श्री मो0 शोवान, सपोर्ट इंजीनियर, पीएमसी, बाँदा।
6. श्री आर0 पी0 सिंह, टी0एल0, टी0पी0आई, बाँदा।
7. श्री प्रकाश खेंडे, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एलएण्डटी लि0, बाँदा।
8. श्री सनद नायक, डी0जी0एम0, मे0 एनसीसी लि0, बाँदा।
9. श्री आकाश सेठी, प्लानिंग हेड, मे0 एलएण्डटी लि0, बाँदा।
10. श्री सुनील कुमार, कॉन्स्ट्रक्शन मैनेजर, मे0 एलएण्डटी लि0, बाँदा।
11. श्री प्रतीक कुमार, प्लानिंग इंजीनियर, मे0 एलएण्डटी लि0, बाँदा।
12. श्री शिवेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।
13. श्री बिस्मिल्ला खां, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।
14. श्री शशांक शेखर, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।
15. श्री मनीष शुक्ला, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।
16. श्री शिवाकान्त अवस्थी, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।
17. श्री विक्रांत सिंह, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, बाँदा।

जनपद बाँदा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित खटान एवं अमलीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा का विवरण इस प्रकार है :--

खटान ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना :--

अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा बताया गया कि योजना के कार्य पूर्ण करने की अनुबन्ध अवधि सितम्बर माह 2022 में पूर्ण हो गयी है धीमी प्रगति एवं कार्य न पूर्ण होने के कारण कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0 एण्ड टी0 पर 1% Liquidation Damages आरोपित किया जा चुका है। योजना पर इन्टेकवेल से डब्ल्यू0टी0पी0 पर रॉ-वाटर पहुँचाया गया है।

खटान ग्राम समूह पेयजल योजना के कमासिन विकास खण्ड के लक्षित 62 ग्रामों में मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को दिनाँक 15.10.2022 तक पेयजल पहुँचाने हेतु मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति उ0प्र0 शासन व प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ के द्वारा निर्देशित किया गया है परन्तु कार्यदायी संस्था द्वारा बीरा सी0डब्ल्यू0आर0 पर समस्त कार्य पूर्ण न करा पाने के कारण पेयजल आपूर्ति नही की गयी है। जिस पर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के श्री प्रकाश खेंडे, प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि साइट पर कार्य दिन रात कराया जा रहा है मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा नवम्बर 2022 के प्रथम सप्ताह में 15 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि योजना अन्तर्गत 39 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 33 सी0डब्ल्यू0आर0 पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है शेष 06 सी0डब्ल्यू0आर0 पर कार्य अनारम्भ है, 116 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 21 ओ0एच0टी0 पर कोई भी कार्य प्रारम्भ नही किया गया है व 28 ओ0एच0टी0 पर मात्र पी0सी0सी0 का कार्य किया गया है एवं मात्र 04 ओ0एच0टी0 पर मात्र पाइप फिटिंग की गयी है। संस्था द्वारा 3696.33 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने के सापेक्ष 1597.70 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी गयी है तथा 143062 गृह संयोजन देने के सापेक्ष 12483 गृह संयोजन ही किये गये है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा पर्याप्त मैन पावर, ग्रामों मे नहीं लगाया गया है जिसके कारण कार्य पिछड़ा हुआ है। समीक्षा बैठक में उपस्थित मे0 एल एण्ड टी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री प्रकाश खेनेड द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कार्य किस प्रकार व कितने समय में पूर्ण कराया जायेगा के सम्बन्ध में कोई कार्य योजना नही दी जा रही है जिसके कारण समयवृद्धि हेतु आवश्यक कार्यवाही नही हो पा रही है।

अमलीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना :--

अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा बताया गया कि योजना के कार्य पूर्ण करने की अनुबन्ध अवधि 08.11.2022 में पूर्ण हो रही है एवं संस्था द्वारा कार्य पूर्ण किया जाना सम्भव प्रतीत नही हो रहा है अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना में सर्फेस व ग्राउण्ड वाटर दोनों प्रकार से पानी दिया जाना है सर्फेस वाटर सप्लाई का इन्टेकवेल नदी में डूबा होने के कारण इन्टेकवेल पर कार्य नही हो पा रहा है डब्ल्यू0टी0पी0 पर कार्य चल रहा है योजना अन्तर्गत 12 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 02 सी0डब्ल्यू0आर0 पर कार्य प्रारम्भ नही किया गया है, योजना अन्तर्गत (सर्फेस/ग्राउण्ड) 80 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाना है के सापेक्ष 16 उच्च जलाशयों में पाइप फिटिंग व हाइड्रो टेस्टिंग कर कार्य पूर्ण किया गया है संस्था द्वारा 2148.69 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने के सापेक्ष 1337.45 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी गयी है।

अमलीकौर ट्यूबवेल स्कीम के लक्षित 26 ग्रामों में मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 15758 HSC (पानी की टोंटी) कनेक्शन के सापेक्ष कुल 9257 कनेक्शन (HHC) दिये गये है, परन्तु इन नलकूप के 26 ग्रामों के राजस्व ग्राम/मजरे/डेरों/पुरवों आदि में पाइप लाइन बिछाकर एवं टोंटी लगाकर जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है। मे0 एनसीसी लि0 के उपस्थित डीजीएम द्वारा बताया गया कि छूटे हुए मजरो में पानी पहुँचाने हेतु सर्वे करावा लिया गया है योजना में उक्त ग्रामों/मजरों को सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा बताया गया कि अमलीकौर ट्यूबवेल स्कीम के अदरी, पचकौरी, डाडामऊ ग्राम में शत प्रतिशत गृह जल संयोजन किये जा चुके है।

उपरोक्त दोनों योजनाओं के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं में शत प्रतिशत गृह जल संयोजन दिये जाने हेतु रेट्रोफिटिंग अन्तर्गत 09 नग डी0पी0आर0 विरचित किये गये जो निम्नतः है :--

| क्र0 | विकास खण्ड का नाम | पेयजल योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | जसपुरा | कानाखेड़ा ग्रुप-01 ग्राम समूह पेयजल योजना | 251.40 |
| 02 | जसपुरा | कानाखेड़ा ग्रुप-02 ग्राम समूह पेयजल योजना | 130.31 |
| 03 | जसपुरा | कानाखेड़ा ग्रुप-04 ग्राम समूह पेयजल योजना | 356.50 |
| 04 | जसपुरा | कानाखेड़ा ग्रुप-06 ग्राम समूह पेयजल योजना | 163.40 |
| 05 | जसपुरा | कानाखेड़ा ग्रुप-07 ग्राम समूह पेयजल योजना | 134.88 |
| 06 | जसपुरा | मड़ावरा ग्राम पेयजल योजना | 97.02 |
| 07 | जसपुरा | सिंहान कलॉ ग्राम पेयजल योजना | 431.63 |
| 08 | बड़ोखर खुर्द | दससेरी ग्राम पेयजल योजना | 195.14 |
| 09 | बड़ोखर खुर्द | जमालपुर ग्राम पेयजल योजना | 247.94 |

उक्त 09 डी0पी0आर0 को स्वीकृत कर जल निगम मुख्यालय प्रेषित किया जाना है। जिस पर निर्णय लिया गया कि 09 डी0पी0आर0 को जल निगम मुख्यालय प्रेषित किया जाये।

<u>दोनो ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा के उपरान्त यह निर्देश दिये गये--</u>

1. मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि अनुबन्ध अन्तर्गत योजना के कार्यों को किस तरह व कब तक पूर्ण किया जायेगा के सम्बन्ध में बार चार्ट तत्काल अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. मेसर्स एल0 एण्ड टी0/एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि ग्रामवार शत प्रतिशत गृह जल संयोजन करते हुए पेयजल पहुँचाना सुनिश्चित करें तथा यह भी निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने में ग्रामीण क्षेत्र के सीसी रोड़/सम्पर्क मार्ग/मुख्य रोड आदि को तोडा गया है जिनका रेस्टोरेशन/बैकफिलिंग/मूल रूप में सीसी करने का कार्य बहुत धीमा है टूटी हुई सडकों के रेस्टोरेशन का कार्य को तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
3. जनपद में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम के प्रत्येक दरवाजे पर टोंटी के माध्यम से पेयजल पहुंचाने हेतु पी.एम.सी., स्मेक इंडिया प्रा0 लि0 व टी0पी0आई0 सेनिथिस टेक लि0, बाँदा, अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण बाँदा एवं मे0एन0सी0सी0लि0 व मे0 एलएण्डटी लि0 को निदेशित किया गया है कि त्वरित गति से कार्य को पूर्ण करायें।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा को निर्देशित किया गया कि रेट्रोफिटिंग के 09 नग डी0पी0आर0 को एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक में स्वीकृति हेतु जल निगम मुख्यालय को प्रेषित करायें।

5. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा को निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करायें तथा जिन ग्रामों में शत प्रतिशत गृह जल संयोजन का कार्य कराया जा चुका है उन्हे हर घर नल जल घोषित कराना सुनिश्चित करें।

(अनुराग पटेल)
जिलाधिकारी
बाँदा

## कार्यालय जिलाधिकारी, बाँदा

पत्रांक :– 1376 / बैठक–01 / 16 दिनाँक :– 29-10-2022

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0, जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बाँदा।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बाँदा।
5. अधिशाषी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा/नोडल अधिकारी, जल जीवन मिशन, बाँदा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, बाँदा।
6. स्टेट हेड, मे0 एल एण्ड टी लि0, बाँदा को समुचित कार्यवाही करने हेतु।
7. डीजीएम/सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर को इस निर्देश के साथ कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
8. आर0ई0, पीएमसी, स्मेक इंडिया लि0/टीम लीडर, टी0पी0आई0, बाँदा को इस निर्देश के साथ कि प्रोजेक्ट के निर्माण की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करते हुये त्वरित गति से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी
बाँदा